26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 20 जून, 2026

अंक- 236 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी

## प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई- सीएम धामी

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की रिकॉर्ड कमी हुई है। रोजगारोन्मुखी योजनाओं और निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल के कारण राज्य में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। इससे युवाओं के लिए नौकरियों के बेहतर अवसर बने हैं। राज्य विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में धामी ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 30 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं। इसका



परिणाम हुआ है कि राज्य में 3.56 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि इसमें से एक लाख करोड़ रुपये का निवेश जमीन पर उतर चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं से आह्वान किया कि उन्हें देश को 2047 तक विकसित बनाने की मुहिम में शामिल होना चाहिए और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जा सकता है। कहा कि यदि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा और अवसर मिले तो भारत पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकता है।

# सिर्फ 45 दिन का सीसीटीवी बैकअप, पुराने फुटेज गायब!

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस में बढ़ी SIT की चुनौती

### जांच के दौरान सीसीटीवी से भी हुई छेड़छाड़

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच एसआईटी कर रही है। 6 दिनों में अब तक उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती ठोस साक्ष्य जुटाने की है। जांच में सामने आया है कि मंदिर परिसर के सीसीटीवी कैमरों का बैकअप केवल 45 दिनों तक ही उपलब्ध रहता है। यानी कि 45 दिन से पुरानी फुटेज डिलीट हो जाती थीं। ऐसे में कई वर्षों की फुटेज हासिल करना संभव नहीं होने से चोरी की शुरुआत और अवधि का सटीक पता लगाना मुश्किल हो गया है। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में छेड़छाड़ के संकेत भी मिले हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। एसआईटी अब फोरेंसिक जांच के जरिए अधिक से अधिक पुरानी फुटेज रिकवर करने का प्रयास करेगी। पुराने वीडियो रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण यह साबित करना कठिन है कि कथित तौर पर कई महीने पुरानी फुटेज डिलीट की गई थी। यदि पिछले डेढ़ महीने के भीतर फुटेज में कोई हेरफेर हुआ है, तो उसके



तकनीकी साक्ष्य सामने आने की संभावना है। एसआईटी संदिग्ध कर्मचारियों, पदाधिकारियों और पहले पकड़े गए आरोपियों के बयानों का मिलान कर रही है। पूछताछ में कई विरोधाभास सामने आए हैं, जिन्हें जांच का महत्वपूर्ण आधार माना जा रहा है। सीमित डिजिटल साक्ष्यों के कारण जांच अब काफी हद तक गवाहों, संदिग्धों और संबंधित पदाधिकारियों के बयानों पर निर्भर होती जा रही है। इसी वजह से एसआईटी की जांच लंबी और बहुस्तरीय होने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए 500 साल तक इंतज़ार किया। एसआईटी गठित हुई है दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित हुई है। अपराधी कोई भी हो वो बचेगा नहीं।

## चंपत राय पर एक्शन लगभग तय

### ट्रस्टी अनिल भी हटाए जा सकते हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में एसआईटी की जांच में 150 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। इनमें से 25 लोगों पर कार्रवाई के आसार दिख रहे हैं। जिन लोगों से एसआईटी पूछताछ कर चुकी है, उन्हें अगले आदेश तक कहीं बाहर न जाने की चेतावनी दी। छठे दिन की जांच पूरी कर एसआईटी लखनऊ लौटेगी। माना जा रहा है कि सोमवार को योगी जी को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी।




सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र पर कार्रवाई लगभग तय मानी जा रही है। दोनों को पद से हटाया जा सकता है। इसके अलावा, मंदिर के निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी पद से हटाया जा सकता है। एसआईटी ने मंदिर परिसर में करीब 6 घंटे तक जांच की। टीम ने चंपत राय, अनिल मिश्र और गोपाल राव से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है। साथ ही बैंक के मैनेजर और कैशियर से भी सवाल किए गए।

### 2 करोड़ की रिकवरी

**एसआईटी गोपाल राव के भतीजे आनंद और राम मंदिर कर्मचारी सोमेश आनंद से भी पूछताछ करना चाहती थी, लेकिन वे एसआईटी को नहीं मिले। सूत्रों के मुताबिक, उनका फोन स्विच ऑफ बता रहा है। इस मामले में 5 लोगों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी की गई। ये सभी मंदिर में दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हुए थे। मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी टिन्नू के घर से 13 जून को सोना मिला था। हालांकि, सोना कितना है, इसकी अभी पुष्टी नहीं है।**

## जैसे निर्देश मिलते थे, वैसा ही करते थे बैंक अफसर

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर की दान राशि हेरफेर के मामले में बैंक कर्मियों की भूमिका भी बेहद गंभीर मानी जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने भी अपने एक साक्षात्कार में इसको लेकर सवाल उठाए थे। एसआईटी को बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही और संभावित मिलीभगत के कुछ साक्ष्य मिले हैं। हालांकि हकीकत यह भी है कि ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों के सामने बैंक कर्मी नतमस्तक रहते थे। उन्हें वहां से जैसे निर्देश मिलते थे, वे वैसा ही करते थे, क्योंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों की पहुंच और प्रभाव का सभी को अंदाजा था। दरअसल, गिनती प्रक्रिया में जितनी भूमिका ट्रस्ट के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की होती है, उतनी ही संबंधित बैंक के कर्मियों की भी रहती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गिनती के दौरान किसी को गड़बड़ी न हो। मगर ऐसा नहीं हुआ। बैंकतर जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी आंखें मूंदे रहे। सूत्रों ने बताया कि बैंक ने यह काम एक निजी कंपनी को सौंप रखा था। कंपनी आउटसोर्सिंग के जरिये कर्मचारियों की भर्ती कर उन्हें गणना प्रक्रिया में लगाती थी। चूंकि ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ही अपने सगे-संबंधियों, परिचितों और उनके करीबियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती कराया था, इसलिए बैंक अधिकारी भी खामोश रहे।

## रामलला का हार और चरण पादुका भी गायब

### महंत बोले- टिन्नू यादव को दिये

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में एसआईटी की जांच तेज है और अब नये-नये खुलासे हो रहे हैं। एसआईटी ट्रस्ट से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है, तो वहीं मंदिर के कामकाज में लगे लोगों की भी जांच हो रही है। एसआईटी ने गुरुवार को इस मामले में मंदिर में आए चढ़ावे की जांच कर रही है तो वहीं उसकी काउंटिंग और बैंक में जमा करने की प्रक्रिया भी चैक की जा रही है। जांच टीम दानपात्रों से नकदी और सोने-चांदी, हीरे जवाहरात के गिनती केंद्रों तक की व्यवस्था को खंगाल रही है। इस बीच जानकारी यह भी मिली है कि रामलला के हार और चरण पादुका भी गायब कर दिए गए हैं। आशंका है कि उनकी



भी चोरी हो गई है। इसी को लेकर एसआईटी ने कल एक बार फिर से गोपाल राव और टिन्नू यादव से पूछताछ की है। ख़बर यह भी है कि राम मंदिर के पुजारी से भी हीरा जड़ित हार और चरण पादुका के बारे में पूछा गया है। पुजारी ने बताया कि हार और चरण पादुका भगवान को पहनाने के बाद टिन्नू यादव को वापस कर दिया था। टिन्नू ने कहा कि इन चीजों को गलाकर सोने की ईंट बनाने की बात थी। उधर आभूषण रखने वाले कृष्ण देव तिवारी से जब पूछा गया तो न सोने की ईंट मिली न ही कोई रसीद मिली है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज, बैंकिंग रिकॉर्ड, डिजिटल डेटा और संबंधित दस्तावेजों का भी परीक्षण किया जा रहा है।

## युद्ध नहीं, योग ही समाधान है, ट्रम्प आदि नेताओं को योग की जरूरत- रामदेव

विजयवाड़ा (एजेंसी/चिंगारी)। योग गुरु बाबा रामदेव ने भारत की प्राचीन योग, ध्यान और प्राणायाम की पद्धति को धर्म और पंथ की सीमाओं से ऊपर बताते हुए शनिवार को यहां कहा कि आज के वैश्विक भू-राजनीतिक संकट में मुख्य-पात्र की भूमिका में चर्चित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आदि नेताओं को योग साधना करने की जरूरत है। दशकों से योग को लोगों के दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने के अभियान में जुड़े योग गुरु ने विश्व में जगह -जगह चल रहे युद्धों की ओर संकेत करते हुए कहा, दुनिया में युद्ध नहीं , योग ही समाधान है। उन्होंने कहा, श्री ट्रम्प , यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ईरान के वर्तमान सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मोजतबा खामेनेई और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन सभी को योग की जरूरत है। बाबा रामदेव 12वें विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर विजयवाडा शहर के बाहरी इलाके में मंथन सत्यनारायण राजू आश्रम में प्रात : एक योग शिविर को संबोधित कर रहे थे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

आवश्यकता है
हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।
कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

वधू चाहिए
क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

RVIT
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING • PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS
990+ WORKSHOP TOURS
85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221750 5/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# रात्रि चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की समस्यायें

## विधायक सुचि और भाजपा नेता मौसम चौधरी ने समाधान का दिया भरोसा

**बिजनौर ( चिंगारी )**। ग्रामीणों की समस्याओं को उनके द्वार पर सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड मुहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत मुहम्मदपुर मंडावली स्थित किसान इंटर कॉलेज परिसर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में क्षेत्रीय विधायक सुचि मौसम चौधरी, भाजपा नेता एवं अधिवक्ता ऐश्वर्या मौसम चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एसडीएम सदर ऋतु रानी, सीओ सिटी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम प्रधान जमील अहमद, उनके पुत्र नदीम अहमद तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा विधायक सुचि मौसम चौधरी और भाजपा नेता एश्वर्या मौसम चौधरी का माल्यार्पण कर स्वागत किए जाने के साथ हुई। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, नालियों की सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, राशन वितरण, आवास योजना, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं तथा राजस्व संबंधी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। कई ग्रामीणों ने गांव में जलभराव, खराब संपर्क मार्गों और बिजली आपूर्ति में आ रही दिक्कतों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

विधायक सुचि मौसम चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौसम ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति की जायेगी, इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से उनका लाभ उठाने का आह्वान किया।

एसडीएम सदर ऋतु रानी ने राजस्व और भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं सीओ सिटी ने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत- ओम कुमार

**नहटौर ( चिंगारी )**। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित जनसंपर्क अभियान एवं 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सैदु, सहसुबाला, बरूकी एवं सिकैड़ा में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ओम कुमार ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा वे क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान एवं जनसेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आंकू मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, भूमि विकास बैंक हल्दौर के चेयरमैन राकेश कुमार, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन नरेश कुमार, गुल अहमद, प्रधान पप्पू पठान, कुनाल चांग, दिव्यांशु दहिया, कुलमणि देशवाल, प्रधान सुरवीर सिंह, भाजपा बूथ अध्यक्ष संजीव कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, प्रधान वरुण प्रताप (हनी), दर्पण रावल, चौधरी नयन सिंह, विपिन चौधरी, प्रधान गजेंद्र सिंह, प्रधान पुष्पेंद्र सिंह, प्रधान सचिन (पमडावली), धूम सिंह गुरु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# शत-प्रतिशत रहा वीकेआईटी का बी.टेक का परीक्षाफल

**बिजनौर ( चिंगारी )**। डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक सम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी.) अष्टम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी एवं दृष्टि राजपूत ने 90.92 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, कार्तिक ने 88.90 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान एवं वंदना चौहान ने 88.61 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.टैक (इलेक्ट्रिकल इंजी.) अष्टम सेमेस्टर के छात्र सौरभ सिंह ने 87.69 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एवं यशवंत कुमार ने 86.15 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# पुलिस ने झालू में किया पैदल गश्त

**झालू ( चिंगारी )**। आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शाम पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दिया। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी नगर अभय कुमार पांडे, थाना हल्दौर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह तथा झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने पुलिस बल के साथ कस्बा झालू के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान सीओ सिटी अभय कुमार पांडे ने कस्बे के मुख्य बाजार सहित रामलीला मोहल्ला, महाजनान, सादात, मौलवियान और कानूनगोयान मोहल्लों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से संवाद स्थापित कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट कहा कहा कि मोहर्रम के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।



## राष्ट्रीय लोकदल ने शुरू किया 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )**। राष्ट्रीय लोकदल ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को पार्टी के बिजनौर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष इन्द्रमणि ने न्याय पंचायत फतेहपुर कला के अंतर्गत आने वाले ननूपुरा, फतेहपुर गढ़ी और छाछरी टीप गांवों का दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया और अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए लोकदल का बूथ होगा मजबूत का नारा दिया। बीएनएल की नामित सदस्य पूनम चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर, युवाओं और व्यापारियों समेत सभी वर्गों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह के विचार आज भी ग्रामीणों के बीच प्रासंगिक हैं। ग्रामीणों की सहमति से कई कार्यकर्ताओं को विभिन्न बूथों की जिम्मेदारी सौंपी गई। पार्टी नेताओं के अनुसार ग्रामीणों ने राष्ट्रीय लोकदल के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन के साथ जुड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, सौपाल सिंह और चेयरमैन छोटन सिंह भी मौजूद रहे।

# जनपद में आधार सेवाएं निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध

## नया नामांकन और किशोरों का अपडेट निःशुल्क

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में जनपदवासियों को आधार संबंधी सेवाएं सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यूआईडीएआई की आधार अनुश्रवण समिति के संयोजक धर्मवीर सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न अधिकृत केंद्रों पर आधार नामांकन एवं अपडेट की सुविधाएं निर्धारित सरकारी शुल्क पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कार्यालय खंड विकास अधिकारी (हल्दौर एवं नजीबाबाद को छोड़कर), तहसीलदार कार्यालय चांदपुर एवं नगीना, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद, शेरकोट और बिजनौर, नगर पंचायत बढ़ापुर तथा ग्राम पंचायत अधिकारी कार्यालय, ग्राम निजामतपुरा गंज (न्याय पंचायत), विकास खंड हल्दौर में आधार संबंधी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। धर्मवीर सिंह ने बताया कि नया आधार नामांकन पूरी तरह निःशुल्क है। इसके अलावा 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार अपडेट की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उनके आधार विवरण समयानुसार अद्यतन किए जा सकें। उन्होंने बताया कि आधार में मोबाइल नंबर जोड़ने या अपडेट कराने के लिए 75 रुपये तथा बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 125 रुपये का निर्धारित शुल्क देय होगा। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे आधार संबंधी कार्य केवल अधिकृत आधार सेवा केंद्रों पर ही कराएं और निर्धारित शुल्क से अधिक किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। यदि किसी केंद्र पर तय शुल्क से अधिक धनराशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारी या जिला प्रशासन को दें। आधार एक महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज है। इसलिए नागरिक समय-समय पर अपने आधार विवरण को अपडेट कराते रहें, ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं एवं लाभों का निर्बाध रूप से लाभ प्राप्त किया जा सके।




# बिना चीरा लगाये जटिल फ्रैक्चर का किया सफल उपचार, मेडिकल कॉलेज बिजनौर में नई तकनीक से मिली राहत

## रूसी इलिजारोव तकनीक से 64 वर्षीय महिला का इलाज, डायबिटीज के बावजूद बिना चीरा लगाए जोड़ी गई हड्डी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। राजकीय मेडिकल कॉलेज बिजनौर के हड्डी रोग विभाग की टीम ने आधुनिक रूसी इलिजारोव तकनीक का उपयोग कर एक जटिल फ्रैक्चर का सफल उपचार किया है। इस तकनीक की मदद से 64 वर्षीय महिला मरीज की टूटी हुई हड्डी को बिना बड़े ऑपरेशन और बिना चीरा लगाए ठीक किया गया।



जानकारी के अनुसार चांदपुर क्षेत्र निवासी 64 वर्षीय महिला के पैर में गंभीर चोट लगने के बाद जटिल फ्रैक्चर हो गया था। जांच में पता चला कि फ्रैक्चर लाइन जोड तक पहुंच गई थी। मरीज डायबिटीज से भी पीड़ित थी, जिसके कारण पारंपरिक सर्जरी में घाव भरने में अधिक समय लगने और संक्रमण का खतरा बना हुआ था। हड्डी रोग विभाग के चिकित्सकों ने मरीज की स्थिति को देखते हुए रूसी इलिजारोव तकनीक अपनाने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में विशेष उपकरणों और रिंग फिक्सेटर की सहायता से हड्डी को सही स्थिति में स्थापित कर बाहरी ढांचे के माध्यम से स्थिर किया जाता है। इससे बड़े ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं पड़ती और मरीज को अपेक्षाकृत कम जोखिम का सामना करना पड़ता है। विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि उपचार सफल रहा और मरीज ने अगले ही दिन सहारे के साथ चलना शुरू कर दिया। विशेषज्ञों के अनुसार यह तकनीक विशेष रूप से जटिल फ्रैक्चर, संक्रमण वाले मामलों तथा ऐसे मरीजों के लिए लाभकारी है जिनमें सामान्य सर्जरी जोखिमपूर्ण हो सकती है।

चिकित्सकों का कहना है कि निजी अस्पतालों में इस तकनीक से उपचार पर लगभग एक लाख रुपये तक का खर्च आ सकता है, जबकि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को कम खर्च में यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसे जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब मरीजों को इस प्रकार के उन्नत उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज में ही आधुनिक तकनीकों का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।









# बढ़ापुर से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी तान्या नागपाल

## गांव-गांव जाकर बांट रहीं क्रिकेट किट और साड़ियां




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव बहुत दिलचस्प व रोमांचक होने जा रहा है। पूर्व सांसद हरीश नागपाल की बेटी तान्या नागपाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोककर सनसनी फैला दी है। उनके द्वारा पिछले कई दिनों से बढ़ापुर क्षेत्र के गांवों में भ्रमण कर युवाओं को क्रिकेट किट तथा बच्चों को उनकी पसंद की चीजें वितरित की जा रही हैं।

हरीश नागपाल ने 2004 के लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अमरोहा सीट से जीत दर्ज कर राजनीतिक हलकों में तहलका मचा दिया था। नागपाल ने राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी महमूद मदनी को हराया था। अपने पापा के नक्शेकदम पर चलते हुए तान्या नागपाल ने बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य रूप से युवाओं, बच्चों और महिलाओं को टारगेट किया जा रहा है। गत दिवस तान्या नागपाल ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र के ग्राम इनायतपुर, जाफरपुर, भज्जोवाला, अल्हैदादपुर, हिदायतपुर, रघुनाथपुर आदि का भ्रमण कर युवाओं को क्रिकेट किट और महिलाओं को साड़ी आदि सामान वितरित किया।

इस मौके पर मुनव्वर प्रधान, परवीन प्रजापति, लालसिंह, भीमसिंह, हरगोपाल प्रधान जी, श्याम सिंह, मदन प्रधान जी, करन प्रधान जी, सलमान, समीर प्रधान, जसराम पाल, नरेश कुमार पाल, कादिर खान, पवन चौहान आदि रहे।

# विधायक सुशांत ने चलाकर जनसंपर्क अभियान ग्रामीणों की समस्याओं का कराया समाधान



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्राम हीरापुर गोकल सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। ग्राम हीरापुर गोकल में ग्रामीणों से संवाद करते हुए विधायक ने कहा कि भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला से नहर की पटरी होते हुए वाया हीरापुर गोकल से द्वारिकेश चीनी मिल तक डबल मार्ग का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के गन्ना किसानों को अपनी फसल चीनी मिल तक पहुंचाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इसके अलावा विधायक ने ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका से वाया ग्राम पर्वतपुर उर्फ मुनीरनगर एवं खैरूल्लापुर देश होते हुए द्वारिकेश चीनी मिल तक सड़क निर्माण कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को बेहतर एवं चौड़ा बनाकर किसानों के लिए आवागमन सुगम बनाया जाएगा, जिससे गन्ना परिवहन में आने वाली समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, सरदार सर्वजीत सिंह हुंदल, हैप्पी हुंदल, अमित चौहान, विधायक प्रतिनिधि संजीव कुमार गहलोत, शिवम चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घर-घर जाकर योग की अलख जगा रहे राजीव डबास



**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम सिकैड़ा निवासी संजीव डवास क्षेत्र के लोगों को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं। वह गांव तथा आसपास के क्षेत्रों में लोगों के घर-घर जाकर योग के महत्व की जानकारी दे रहे हैं और नियमित योगाभ्यास कराने का कार्य भी कर रहे हैं। संजीव डवास का कहना है कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी माध्यम है। उनके प्रयासों से गांव के अनेक लोग प्रतिदिन योग करने लगे हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संजीव डवास निस्वार्थ भाव से लोगों को योग सिखा रहे हैं तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके इस अभियान की क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का मानना है कि नियमित योग से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

## सार संक्षिप्त

### वरिष्ठ पत्रकार पी.सी. चक्रवर्ती की धर्मपत्नी पुष्पा चक्रवर्ती के निधन पर शोक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजी.) की जनपद शाखा बिजनौर द्वारा आयोजित शोक सभा में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक, यूनियन के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार पी.सी. चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला मुख्यालय पर यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती धार्मिक, संस्कारित एवं सौम्य स्वभाव की महिला थीं। उनके निधन से चक्रवर्ती परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। पत्रकारों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में अनिल चौधरी, चौ. बृहमपाल सिंह, वेदव्रत वेणु, मुशब्बर हुसैन, आसिफ अंसारी, विपिन भारद्वाज, नीरज चौधरी, सुशील कर्णवाल, अतुल कुमार 'मिंटू', आकिफ अंसारी तथा सतीशचंद्र त्यागी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति अभियान चलाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन दिवस (26 जून) के उपलक्ष्य में देश भर में नशा उन्मूलन सप्ताह चलाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में जीवन रक्षक नशा मुक्ति आश्रम (चक्कर चौराहा बिजनौर) में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आश्रम प्रभारी अनस पठान ने बताया कि जीवन रक्षक नशा मुक्ति आश्रम विगत 21 वर्षों से बिजनौर, देहरादून, मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर में नशा मुक्ति केंद्र चलाये जा रहे हैं। बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के असिस्टेंट डायरेक्टर विवेक सैनी, आश्रम प्रभारी अनस पठान, सीनियर स्टाफ मो. शादान, वालेंट्री स्टाफ मो. फरमान ने सहयोग किया। यह अभियान गुरुजी श्री नीरज चौधरी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है।

### मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषियों को कठोर सजा की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जनपद बागपत के ग्राम चिरचिटा में एक 4 वर्षीय बालिका के साथ हुये जघन्य दुष्कर्म प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि इस घटना से प्रदेश के योगी नाथ, उपाध्याय समाज में तीव्र आक्रोश एवं दुख व्याप्त है। यह घटना संपूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाली है। घटना की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए समाज की ओर से दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है। साथ ही पीड़ित बालिका के समुचित उपचार तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा, आर्थिक सहायता एवं शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष रामरक्ष पाल उपाध्याय के नेतृत्व में भीमसिंह प्रधान डॉ. दुष्यंत जोगी, नरदेव सिंह जोगी, प्यारेराम, नमन कुमार, अक्षय उपाध्याय, क्षत्रपाल सिंह, गंभीर सिंह जोगी, डॉ. नरेश जोगी, लवकुश जोगी, ब्रह्मपाल आदि ने ज्ञापन दिया।

# नहर में डूबने से रिक्शा चालक की मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )। पत्नी और बच्चे को अपनी ससुराल छोड़कर वापस आने वाले व्यक्ति की नहर में डूबने से मौत हो गयी। घंटों की तलाश के बाद पुलिस ने नहर से युवक को निकाला और सरकारी अस्पताल भेजा जहां चिकित्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।**


नहर के पास पुलिस प्रशासन व ग्रामीण

शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे पुलिस को एक फोन आया कि सरकड़ी नहर सदाफल पुलिया के पास एक ई-रिक्शा खड़ी है। नहर में डूबे युवक की पहचान उसकी ई-रिक्शा से हुई। मृतक मंजीत पुत्र मंगू निवासी रामपुर दुल्ली उर्फ झिल्ला है, जो सुबह 11 बजे अपनी पत्नी आकांक्षा और पुत्र हिमाशू को ससुराल पीपला जागीर नूरपुर छोड़ने गया था। उधर जब ससुराल वालों को मंजीत के डूबने की खबर मिली तो उसकी पत्नी और बच्चे के साथ अन्य ससुराल वाले भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने गांव के युवकों के साथ नहर में मंजीत की तलाश शुरू कर दी। फायर ब्रिगेड ने भी मौके पर पहुंच रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग किया। घंटों की तलाश के बाद युवक को नहर से निकालकर सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मंजीत के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# एआरटीओ कार्यालय के बाहर से एजेंटों की झोपड़ियां हटायीं






**बिजनौर ( चिंगारी )।** परिवहन आयुक्त लखनऊ उपपरिवहन आयुक्त बरेली एवं आरटीओ मुरादाबाद के संभावित दौरे को लेकर परिवहन कार्यालय बिजनौर के सामने बैठने वाले एजेंटों की झोपड़ियों को हटवा दिया गया है। शनिवार को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय बिजनौर के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सुबह-सुबह कार्यालय के बाहर एजेंटों की झोपड़ियों को हटवा दिया गया। अधिकारियों के दौरे के मद्देनजर कार्यालय में काम के लिए आने वाले आवेदकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा, वहीं कार्यालय में तैनात प्राइवेट कर्मचारी कार्यालय से बाहर रहे। परिवहन कार्यालय परिसर को खूबसूरत ढंग से सजाया गया।

# लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर के प्रांगण में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं एवं छोटे दुकानदारों को बिना गारंटी के आसान ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान योजना के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के लाभार्थियों को समाजसेवी डॉ. बीरबल सिंह, संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने वाले पथ विक्रेताओं को सम्मानित किया गया। डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और पथ विक्रेताओं के लिये वरदान साबित हो रही है। इस अवसर पर मैनेजर डूडा पीके सैनी, नगर पालिका स्टाफ कर अधीक्षक नरेंद्रपाल सिंह यादव, राजस्व निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, संजीव कुमार (स्थायी कर्मी), गुफरान (आउटसोर्सिंग कर्मी) आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेसियों ने मरीजों को फल वितरित किये

**नूरपुर ( चिंगारी )।** लोकसभा में नेता विपक्ष व सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकारी अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों को फलों का वितरण किया। शुक्रवार को पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दिवान व नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन के नेतृत्व में कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों ओर उनके तीमारदारों को फलों का वितरण तथा मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष एडवोकेट खालिद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दिवान, नगर अध्यक्ष निजामुद्दीन,सलमान अहमद, मोलाना खलीलुर्रहमान आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को दिए गए प्रमाण-पत्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष, रणविजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी, सीपी सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, डॉ. बीरबल सिंह, विनोद राठी जिला मंत्री भाजपा, राकेश शर्मा प्रधान सहायक आंचल कुमार प्रधानाचार्य आईटीआई, दीपक कुमार गुप्ता एवं अमित कुमार उपायुक्त उद्योग एवं मारकंडे चौरसिया की उपस्थिति में कौशल विकास के विभिन्न निजी प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षित 15 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# क्रीड़ा भारती के राज चौधरी का आह्वान गांव-गांव हो खेल का मैदान

**किरतपुर ( चिंगारी )। क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज चौधरी ने गांव-गांव में खेल मैदान बनाने पर जोर दिया, ताकि देश में खेलों का माहौल बन सके। गोवर्धन गार्डन बैंकेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में श्री राज चौधरी ने कहा कि खेलों से शरीर तथा बुद्धि का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी छोटे-छोटे गांवों के खेल मैदान से ही निकलकर आते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने तथा संचालन ललित राजपूत व धर्मेंद्र राजपूत ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में चंचल ढाका, ऋतुज शर्मा, दीपक राजपूत, मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, राजीव चौहान, रामानंद कुमार, संजीव त्यागी, राजन कुमार आदि रहे।**

# ट्रंप बनता है 'शांतिदूत' शांति विरोधी हैं करतूत

## बोले काजी जियाउर्रहमान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने अमेरिका-ईरान युद्ध विराम वार्ता में रोज़ नया मोड़ आने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ डोनाल्ड ट्रंप शांति दूत बनकर दिखाते हैं, दूसरी तरफ इज़राइल को लेबनान और ईरान पर हमला करने की छूट दे रखी है। सारी दुनिया जानती है कि इज़राइल-अमेरिका की सरपरस्ती में ही पल रहा है, फिर अमेरिका की मंशा के खिलाफ कैसे हमले कर सकता है। इस शांति समझौते से दुनिया में पैदा हुई बैचेनी समाप्त हो रही थी और दुनिया ने सुकून की सांस ली थी, लेकिन ट्रंप की बचकाना हरकतों ने सोचने पर मजबूर कर दिया, हालांकि अमेरिका की दादागीरी समाप्त होने के कगार पर है।

# शहनाई बैंकेट हॉल में होगी संगीतमय योग प्रस्तुति

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कल 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर बिजनौर में भी अनेक कार्यक्रम होंगे। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग की ओर से मुख्य कार्यक्रम नेहरु स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। भारत स्वाभिमान न्याय/पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योगी समिति, युवा भारत, किसान सेवा समिति एवं मीडिया प्रकोष्ठ बिजनौर द्वारा शहनाई बैंकेट हॉल बिजनौर में प्रात: 5:30 बजे से योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर पर बच्चों एवं अन्य लोगों के द्वारा आसन तथा प्राणायाम की संगीतमय प्रस्तुति दी जायेगी। सर्वश्री बी.आर. पाल जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्याय, एसके मिश्रा जिला पतंजलि प्रभारी, डॉ. नीरज जिला मीडिया प्रभारी, रामसिंह आर्य कोषाध्यक्ष, संजीव चौधरी महामंत्री, भारत भूषण मित्तल जिला कार्यालय प्रभारी ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती बरखा अग्रवाल एवं अचल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रितु चोपड़ा एवं लकी चोपड़ा तथा निपेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष, राकेश अग्रवाल तथा संरक्षक के रूप में धीर सिंह एवं श्रीमती तिलका देवी मौजूद रहेंगे।

# रेवेन्यू अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी

**नगीना ( चिंगारी )।** सरकार द्वारा प्रस्तावित ई -रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को भी छठें दिन भी जारी रही। रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरदयाल सिंह सोढ़ी ने बताया कि सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था वापस होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। शुक्रवार को अध्यक्ष हरदयाल सिंह के नेतृत्व में एडवोकेट फूल सिंह, महावीर सिंह सैनी,जगदीश सिंह, प्रमोद शर्मा, जगदेव प्रसाद, अब्दुल समी, जयप्रकाश सिंह, राजीव सोती, रतन कुमार, सुनिल विश्नोई आदि अधिवक्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे तथा वहां उनकी अनुपस्थिति में उनके कार्यालय को ज्ञापन देकर अपनी मांग से अवगत कराया।



एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देने जाते रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

# राहुल गांधी का जन्मदिन केक काटकर मनाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन धूमधाम के साथ केक काटकर मनाया गया। कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर मुबारकबाद पेश की। सभी ने सांसद राहुल गांधी की दीर्घ आयु की कामना की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, मंडल अध्यक्ष सिताब खान, डॉ. इकबाल, डॉ. सलीम, डॉ. शमीम, डॉ. अनस, राजेश मिश्रा राजू, गोविंद कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, सलीम अहमद, नईमुल अख्तर, परवेज खान, हाफिज इरफान, गुड्डू खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भली लगे या बुरी...**

# चढ़ावा चोरी से भूचाल

अगले वर्ष के शुरू में होने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए उत्तर प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज हो रही हैं। इस बीच राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले ने प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश का राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी मामले की जांच कर रही है और मुख्यमंत्री ने कहा है कि पंद्रह दिन में दूध का दूध, पानी का पानी हो जायेगा, इसके बावजूद चढ़ावा चोरी प्रकरण लगातार तूल पकड़ रहा है। विशेषकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लगातार हमलावर है। राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ-साथ भाजपा व संघ तथा योगी सरकार निशाने पर है। निःसंदेश इस मामले से जहां करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं को आघात पहुंचा है, वहां मंदिर ट्रस्ट के साथ-साथ योगी सरकार और भाजपा व संघ परिवार की प्रतिष्ठा पर आंच आई है। इनमें भी मंदिर ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय बंसल, जिनकी निष्ठा, ईमानदारी और राम भक्ति पर कभी कोई उंगली नहीं उठी, आज उनकी जीवन भर की तपस्या संदेह के घेरे में आ गई है।

वैसे तो मंदिर निर्माण शुरू होने के समय भी आसपास सुविधाएं विकसित करने के लिए जमीन खरीद मामलों पर काफी विवाद पैदा हुआ था और आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने अनेक दस्तावेजों के आधार पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों तथा भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। लेकिन बाद में यह मामला ठंडा पड़ गया था, पर इस बार संभवतः 2017 के बाद योगी आदित्यनाथ सरकार को पहली बार 'रक्षात्मक' भूमिका में आना पड़ा है। हालांकि, बहुत कुछ एसआईटी रिपोर्ट और उस पर सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर निर्भर करेगा, पर यदि यह मामला तूल पकड़ता है तो देश-प्रदेश में भाजपा की 'उपलब्धियों' पर दाग लग सकता है। इससे उन लाखों-करोड़ों श्रृद्धालुओं की भावनायें आहत होंगी, जिन्होंने देश-विदेश से आकर अपने आराध्य के चरणों में चंदा चढ़ाया है। लेकिन दूसरा पक्ष यह भी है कि यदि एसआईटी रिपोर्ट के बाद मामला ठंडा हो जाता है और इस पर जनता में कोई खास प्रतिक्रिया नहीं होती है, तो भाजपा को अखिलेश यादव को घेरने का मौका मिल जाएगा। वैसे भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा अन्य भाजपा नेताओं का कहना है कि हमेशा मंदिर निर्माण का विरोध करने और कारसेवकों पर गोली चलवाने वालों को मंदिर चढ़ावे के मुद्दे पर बयानबाजी का कोई अधिकार नहीं है। राम मंदिर चंदा चोरी का मामला ऐसे समय में आया है, जब प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा तथा अन्य राजनीतिक दल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने यह प्रकरण यह गंभीर चुनौती के रूप में है।

# ख़ौफ़ का नया चेहरा

## आतंकी संगठनों की जगह गैंगस्टरों ने ली

भारत की फिज़ा में एक खामोश बदलाव आया है। एक दशक पहले तक जिस तरह किसी बम धमाके या फिदायीन हमले के बाद टीवी स्क्रीन पर 'लश्कर-ए-तैयबा ने ली जिम्मेदारी' या 'जैश-ए-मोहम्मद का हाथ' जैसी पट्टियां दौड़ती थीं, आज वही जगह 'भारत के गैंगस्टरों ने ली। जिम्मेदारी या 'बंबीहा ग्रुप का दावा' ने ले ली है।

फर्क सिर्फ नामों का नहीं है। फर्क है उस ख़ौफ़ के चरित्र का, और उस ख़ौफ़ पर हमारे समाज के रिएक्शन का। 2008-2014 का दौर याद कीजिए। मुंबई हमला, दिल्ली हाईकोर्ट ब्लास्ट, जर्मन बेकरी पुणे। हर हमले के बाद कोई न कोई तंजीम फौरन प्रेस रिलीज जारी करती। मकसद साफ था दहशत फैलाना, भारत सरकार को झुकाना, कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक मैसेज देना कि 'हम मौजूद हैं'।



उस वक्त देश का जवाब भी एकजुट होता था। मोमबत्ती मार्च निकलते थे। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगते थे। संसद में बहस होती थी। सेना को खुली छूट की मांग उठती थी। सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक, जनता सरकार की पीठ थपथपाती थी। दुश्मन सामने था, वर्दी में नहीं तो विचारधारा में। नफ़रत करना आसान था।

अब 2024 का मंजर देखिए। सिद्धू मूसेवाला की हत्या, बाबा सिद्दीकी पर गोलीबारी, सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग। हर वारदात के कुछ घंटों बाद ही जेल में बंद गैंगस्टर या कनाडा में बैठे गुर्गे के नाम से सोशल मीडिया पोस्ट वायरल हो जाता है- 'ये काम हमने करवाया है'।

और फिर? फिर सन्नाटा। दो दिन डिबेट, चार दिन ब्रेकिंग न्यूज, पांचवें दिन नई हेडलाइन। न मोमबत्ती, न नारे, न संसद में हंगामा। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है, 'जांच चल रही है'। कोर्ट तारीख पे तारीख देता है। और आम आदमी चाय की चुस्की लेते हुए चैनल बदल देता है।

आतंकी संगठन जिम्मेदारी इसलिए लेते थे ताकि उनके 'कॉज़' को दुनिया जाने। उनका मकसद राजनीतिक था। गैंगस्टर जिम्मेदारी इसलिए लेता है ताकि उसके 'ब्रांड' की वैल्यू बढ़े। उसका मकसद विशुद्ध बिजनेस है। इन बढ़ती जिम्मेदारी की न्यूज गैगस्टरों का रेट बढ़ा देती है। जेल में बंद आम कैदी भी उस और झुकाव करता है और गैंग में सामिल होता है। कई बार फर्जी जिम्मेदारी लेना पुलिस के लिए सरदर्द बन जाता है और जेल अब सजा की जगह नहीं, कॉर्पोरेट ऑफिस बन गई है। वाई-फाई, मोबाइल, सोशल मीडिया हैंडलर, सब अंदर से ऑपरेट हो रहा है। 90 के दशक का दाऊद दुबई से बोलता था। 2024 का लॉरेंस तिहाड़ से ट्वीट करवाता है। हमारा सामूहिक मौन अब शोर नहीं करता है। एक अजीब सी चुप्पी ओढ़कर समाज वाक्या भूल जाता है।।

वेब सीरीज ने गैंगस्टर को एंटी-हीरो बना दिया है। 'मिर्जापुर' का कालीन भैया, 'सेक्रेड गेम्स' का गणेश गायतोंडे। बैकग्राउंड में रैप म्यूजिक, हाथ में बंदूक, डायलॉगबाजी। युवा पीढ़ी के लिए ये 'कूल' है। जब गैगस्टर का नाम आता है, तो कुछ लोगों के स्टेटस लग जाते हैं- 'जेल से भी गेम चला रहा बॉस'। जब विलेन हीरो बन जाए, तो जनता किसके खिलाफ लड़े आतंकी हमला रैंडम था। बस में, बाजार में, मंदिर में कोई भी मारा जा सकता था, इसलिए हर हिंदुस्तानी को लगता था 'अगला मैं हो सकता हूं'।

गैंगस्टर का निशाना टारगेटेड है नेता, सिंगर, कारोबारी, बिल्डर। आम आदमी सोचता है 'मैं सेफ हूं, मुझे क्या लेना'। डर अब सामूहिक नहीं रहा, व्यक्तिगत हो गया। और व्यक्तिगत डर आदमी को बहादुर नहीं, चुप कराता है। अब न्याय से भी भरोसा सा उठ गया है, जब आतंकी हमले का जवाब सेना देती थी। 10 दिन में रिजल्ट। गैंगस्टर के केस में पुलिस चार्जशीट दाखिल करती है, 15 साल केस चलता है, गवाह मुकर जाते हैं, और आखिर में 'सबूत के अभाव में बरी'। एनकाउंटर कर दो तो ह्यूमन राइट्स का हल्ला। न करे तो 'पुलिस निकम्मी है' का ताना। इस लूप में फंसकर जनता थक गई है। उसे लगता है कुछ बदलना नहीं है, तो ऊर्जा क्यों खर्च करें।

2012 निर्भया कांड पर देश सड़कों पर था। 2024 में हर हफ्ते एक नया कांड। इंसानी दिमाग लगातार गुस्सा नहीं कर सकता। वो नंब हो जाता है। न्यूज चैनल भी जानते हैं- मूसेवाला, सिद्दीकी, परसों कोई और। टीआरपी 48 घंटे की है। उसके बाद जनता भी मूव ऑन कर जाती है। आतंकी हमला जिस्म को जख्मी करता था। गैंगस्टर का ये नया मॉडल रूह को जख्मी कर रहा है।

जब कोई नेता दिनदहाड़े मारा जाए और कातिल फेसबुक पर जश्न मनाए, तो आम आदमी सोचता है 'बोलने का क्या फायदा'। जब कोई सिंगर इसलिए मारा जाए कि उसने गैंग को हफ्ता नहीं दिया, तो हर कलाकार गाना गाने से पहले दस बार सोचता है। ये डर अभिव्यक्ति की आजादी को खा रहा है। ये डर बिजनेस को खा रहा है। ये डर चुनाव को खा रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एक था। गैंगस्टर राज के खिलाफ लड़ाई में हर आदमी अकेला है। और अकेला आदमी लड़ता नहीं, समझौता कर लेता है।

रास्ता क्या है? सवाल सरकार से पहले खुद से करो। गैंगस्टर को हीरो बनाना बंद करो। वेब सीरीज देखो, पर उनके बच्चों को अपना रोल मॉडल मत बनाओ। इंस्टाग्राम पर उनके फैन पेज रिपोर्ट करो।

हर बार सेना नहीं आएगी। जवाब है- तेज कोर्ट, गवाह प्रोटेक्शन, पुलिस रिफॉर्म, और जेलों में जैमर। एनकाउंटर नहीं, कन्विक्शन चाहिए।

अब सिद्दीकी मरा है, कल कोई पत्रकार मरेगा, परसों कोई टीचर। ये उनका नहीं, हमारा मसला है। जब तक ये बात घर नहीं करेगी, गैंगस्टर जीतता रहेगा। गैगस्टर जेल में बैठकर जितनी आसानी से जिम्मेदारी ले लेता है, उतनी ही आसानी से हम उसे इग्नोर कर देते हैं। ये इग्नोरेंस ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

आतंकी संगठन को हम दुश्मन मानते थे। गैंगस्टर को हम सिस्टम का प्रोडक्ट मानकर जस्टिफाई कर देते हैं।



जिस दिन हमने ये फर्क मिटा दिया, उस दिन समझो हमने आधा युद्ध हार दिया।

क्योंकि बम का धमाका कानों को सुन्न करता है। गैंगस्टर की चुप्पी जमीर को सुन्न कर रही है। और सुन्न जमीर वाला समाज, जिंदा लाश से ज्यादा कुछ नहीं होता। और अंत में बस एक सवाल जिसका जबाब शायद आपके पास होगा। क्या हम वाकई जिंदा हैं या सिर्फ सांस ले रहे है।

▶▶ **अश्मनी विश्नोई**
(अकेला यायावर)

# क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता, जनता की समस्याओं का समाधान कराना मेरा दायित्व : सुशांत

## रायपुर सादात में रात्रि चौपाल का आयोजन

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत सिंह ने रायपुर में रात्रि चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और जनता की हर समस्या का समाधान कराना उनका दायित्व है। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी तथा अन्य स्थानीय मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।



रात्रि चौपाल में भारतीय जनता पार्टी के कुंवर गिरिराज उर्फ बिट्टू भाई, कुंवर प्रशांत सिंह, कुंवर नीरज, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, जिला प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी रजनीश शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि खुशहाल सिंह, रविंद्र कुमार, करण डीलर, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप वर्मा, जगराम सिंह, रामगोपाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामावतार शर्मा, डॉ. पवन, डॉ. सुशील कुमार, सागर चौधरी, राजा प्रधान, हिमांशु चौहान, मंडल महामंत्री हेमराज चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने की तैयारियां तेज

## डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश




**बिजनौर (चिंगारी)। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

जिलाधिकारी ने योग दिवस की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की गौरवशाली योग परंपरा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को पूरी गरिमा, उत्साह और जनसहभागिता के साथ संपन्न कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मनरेगा के अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न योग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# योग सप्ताह के पांचवें दिन इंदिरा पार्क में हुआ योगाभ्यास

**बिजनौर (चिंगारी)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन शुक्रवार को प्रातः 6 बजे इंदिरा पार्क, बिजनौर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया और योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।




कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रशांत महर्षि, श्रीमती सद्भावना, अर्जुन सिंह नागर एवं सुनील राजपूत ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। योगेंद्रपाल सिंह योगी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

# मजार की दीवार तोड़ने पर भड़के सांसद चन्द्रशेखर

## बोले- शाम तक बताऊंगा कैसे की जाती है नौकरी

**धामपुर (चिंगारी)।** टीचर्स कालोनी स्थित नासिर मियां की मजार की दीवारों पर प्रशासन द्वारा रात में बुलडोजर चलाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्रशेखर ने इस मामले को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है।


तहसील अधिकारियों को हड़काते हुए सांसद चन्द्रशेखर।

सांसद चन्द्रशेखर ने आज सुबह अधिकारियों को जैतरा स्थित अपने आवास पर तलब किया और उन्हें जमकर हड़काया। तहसीलदार धनराज सिंह, नायाब तहसीलदार कपिल आजाद, कानूनगो राजकुमार और लेखपाल अंजलि त्यागी सांसद के आवास पर पहुंचे। सांसद चन्द्रशेखर ने तल्ख लहजे में बात करते हुए तहसीलदार से कहा कि मेरे कहने के बावजूद भी रात के अंधेरे में बुलडोजर क्यों चलाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने दो टूक कहा था कि रात के अंधेरे में कुछ मत करो, रात में अगर आप सही भी करोगे तब भी लोग समझेंगे गलत हुआ है।

सांसद चन्द्रशेखर ने तहसील अधिकारियों को हड़काते हुए कहा कि मैं सांसद हूं, मेरी कोई अहमियत नहीं है तुम्हारी नजर में। सांसद ने सीओ को तलब करते हुए कहा कि दो बार मेरा फोन काट दिया, इतना बड़ा अधिकारी है वो।

मजार की दीवार गिराने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सांसद चन्द्रशेखर ने कहा कि मेरी जमीन नहीं है वो, मंदिर की जमीन होती, तब भी इसी तरह लड़ता मैं आपके साथ। जितने मंदिर हैं नपवा दोगे आप। जो कल तक बनकर खड़े हो गये प्राचीन लिखकर। शाम तक बताऊंगा कैसे नौकरी करी जाती है। मैं बताऊंगा कैसे बुलडोजर चलता है। ये कोर्ट वोर्ट सब बंद कर दो।

सांसद चन्द्रशेखर के तीखे तेवर देखकर अधिकारी भीगी बिल्ली बन गये। उनके हलक से शब्द नहीं निकले।

# बरसात से पहले ही हटा दिया पीपे का पुल

## अब जान हथेली पर रख नाव से गंगा पार करेंगे किसान

**मंडावर (चिंगारी)।** ग्राम इच्छावला से होकर शुक्रताल जाने और खादर क्षेत्र में खेती-बाड़ी का सहारा बने ग्राम राजारामपुर में गंगा नदी पर बने पैंटून के अस्थायी पुल (पीपे का पुल) को बरसात के मौसम से पहले ही हटा दिया गया। इससे आसपास के दर्जनों गांवों के किसानों और मजदूरों को भारी परेशानी उठाकर नाव के सहारे गंगा पार करनी पड़ रही है। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया है।


फाइल फोटो

ग्राम राजारामपुर के सामने गंगा नदी पर खादर क्षेत्र में किसानों के खेतीबाड़ी करने जाने के लिए करीब छह वर्ष पहले स्थानीय लोगों की मांग पर सरकार ने इस पैंटून पुल को बनवाया था। हर साल अक्तूबर में इस पुल को बनाया जाता है और बरसात शुरू होने पर उसे हटा दिया जाता है। पुल बनने से पहले किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने और गन्ना ढोने में कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता था।

पुल के सहारे प्रसिद्ध शुकतीर्थ जाने में भी आसानी होती है। बालावाली, नारायणपुर, गोपालपुर, खिरनी, दयालवाला, मीरापुर, कोहरपुर, फजलपुर, मोहद्दीनपुर, बादशाहपुर, राजारामपुर, डैबलगढ़, रघुनाथपुर, बीरूवाला, काजीवाला, चौहड़वाला, ब्रह्मपुरी, रावली, शहजादपुर, मानसापुर, भोगपुर, ईनामपुरा, औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गीदड़पुरा सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीण इस पुल से अपने खेतों पर पहुंच जाते हैं। उधर, पैंटून पूल के ठेकेदार राहुल पांडेय ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिये हमारे द्वारा हर वर्ष अक्टूबर में अस्थायी पीपे का पुल बनाया जाता है और बरसात से पहले ही उसे खोला जाता है।

# नहटौर में सक्रिय हुआ लोकदल, संगठन की मजबूती पर दिया बल

**नहटौर ( चिंगारी )।** विधानसभा स्तरीय राष्ट्रीय लोकदल की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने एवं बूथ तक संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा पार्टी की नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई।



शुक्रवार को हल्दौर रोड स्थित शिव विहार कॉलोनी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने तथा संचालन जिला कोषाध्यक्ष जयपाल सिंह ने किया। वक्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि मजबूत संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी शक्ति होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनसंपर्क के बल पर राष्ट्रीय लोकदल को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, विधानसभा अध्यक्ष सुनील कुमार, जिला प्रवक्ता संजीव चौधरी, मा.विजयपाल सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शमीम अहमद, दुष्यंत प्रधान, सुरेंद्र सिंह सभासद बिजनौर, विनीत चौधरी, महाशय पुरण सिंह, सुरेंद्र सिंह, मानपाल सिंह, तारा सिंह, धर्मपाल सिंह, भूदेव सिंह, सुधीर कुमार, सत्यपाल सिंह, राकेश कुमार, प्रधान महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह शेखपुरा, सुरेशपाल दरोगा, ब्रह्मपाल सिंह, डॉ. धर्मपाल सिंह, भीम सिंह चौहान, बृजपाल सिंह, सतपाल चौधरी, घिशन सिंह, राजेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह, हुकम सिंह पाल आदि उपस्थित रहे।

# नहटौर में होगा जैन मुनियों का चातुर्मास

**नहटौर ( चिंगारी )।** आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 विश्वार्थ सागर जी महाराज का चातुर्मास 2026 नहटौर नगर में होगा। शुक्रवार को मुरादाबाद में श्रुत पंचमी के अवसर पर घोषणा की गयी। प्रबंधक राजीव कुमार जैन ने बताया कि सकल जैन समाज चातुर्मास की तैयारियों में जुट गया है। इस अवसर पर शुभम जैन, अशोक जैन, राजीव जैन, शैलेन्द्र उर्फ़ शैलू जैन, सौरभ जैन, आशु जैन, अचल जैन, समर्थ जैन, सुनील जैन, पवन जैन, नितिन जैन, राजेश जैन, प्रियांशी जैन, रिया जैन, ममता जैन, दीपा जैन, अलका जैन, दिशा जैन, अंजलि जैन, प्रिशा जैन आदि उपस्थित रहे।



विव्रत सागर जी महाराज

# धर्म-जाति नहीं, विकास की राजनीति करती है लोक जनशक्ति पार्टी : रामनाथ सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुरादाबाद मंडल महासचिव रामनाथ सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर विकास, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर देश के समग्र विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना है।



रामनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में देश को ऐसी राजनीति की आवश्यकता है, जो युवाओं को रोजगार, किसानों को सम्मान, गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करे। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) इन्हीं मूलभूत विषयों को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है। रामनाथ सिंह ने यह भी कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पार्टी का विस्तार तेजी से हो रहा है और आने वाले समय में पार्टी प्रदेश की राजनीति में एक सशक्त भूमिका निभाएगी।

# पलट गई कार, घायल हुए चार

**नहटौर ( चिंगारी )।** कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गये। मुरादाबाद के संभल रोड स्थित मोहल्ला कड़ुला निवासी सुलेमान अपनी पत्नी नसीम जहां को उपचार के लिए एम्स ले जा रहे थे। साथ में पुत्री इल्मा और साले फैजान भी थे। नहटौर में आकू के निकट पहुंचते ही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार को बागड़पुर निवासी संजय जैन चला रहे थे। हादसे के बाद आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों और राहगीरों ने तत्काल मदद करते हुए कार सीधी की और घायलों को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे गयी है।

# फार्मासिस्ट के सहारे चल रहे चार स्वास्थ्य उपकेन्द्र

**नहटौर ( चिंगारी )।** विकास क्षेत्र में स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर डॉक्टरों की तैनाती न होने के कारण इन उपकेंद्रों का संचालन फार्मासिस्ट के माध्यम से हो रहा है। ग्रामीणों ने डॉक्टरों की नियुक्ति कराई जाने की जिला प्रशासन से मांग की है। नहटौर ब्लॉक की 96 ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम पंचायत बेगराजपुर, पाड़ली मांडू, काजीपुरा, नारायणखेड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र पूर्व में बनाए थे। तब यहां पर एक डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक वार्ड बॉय, दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की तैनाती की गई थी। यह चारों उपकेंद्र ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 8-10 किलोमीटर दूरी पर है। वर्तमान में इन उपकेंद्रों पर डॉक्टर न होने के कारण उपकेंद्रों से जुड़े गांव के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए फार्मासिस्ट के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है। बड़ी बीमारी के लिए उन्हें नहटौर के अलावा जिला मुख्यालय बिजनौर या धामपुर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं लेनी पड़ती हैं, जिससे उनको धन व समय का नुकसान होता है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से उपकेंद्रों पर डॉक्टरों की नियुक्ति कराये जाने की मांग की है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि डॉक्टरों की नियुक्तियों के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

# कर्बला का संदेश पूरी मानवता के लिये- मौलाना इकरार

**पैजनिया ( चिंगारी )।** क्षेत्र में मोहर्रम का चांद दिखाई देने पर क्षेत्र के गांव जलादीपुर में इमामबारगाह में मजलिसों का आयोजन किया गया। मौलाना इकरार अहमद ने मजलिस में इमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए हुए इंसानियत के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बुधवार की रात को इमामबारगाह जलादीपुर में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना इकरार अहमद ने कहा कि कर्बला का संदेश पूरी मानवता के लिए है और उन्होंने कहा कि अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध है। इमाम हुसैन ने आवाज उठाकर सत्य और इंसाफ की रक्षा की, जिसकी मिसाल आज भी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने कहा कि मोहर्रम केवल शोक का महीना नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और मानव मूल्यों को याद करने का अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से कर्बला की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मजलिस के अंत में मातम नोहा पढ़ा गया। इस अवसर पर सुन्नी समुदाय के अल्ताफ कादरी, शानू कादरी, अतीक कादरी, कलवा कादरी, आसिफ कादरी सहित दर्जनों लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया और शरबत तकसीम किया।

# आठ माह की गर्भवती की संदिग्ध मौत पर हंगामा

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर थाना क्षेत्र के गांव सीमला खुर्द नई बस्ती में शुक्रवार को एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल वालों ने उसकी मौत का कारण बीमारी बताया है, जबकि मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की सुबह गांव सीमला खुर्द नई बस्ती निवासी आठ माह की गर्भवती मीनाक्षी ( 28 ) पत्नी मुकेश कुमार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बिजनौर के मोहल्ला जाटान निवासी मृतक के मायके वाले गांव पहुंच गए। उन्होंने मीनाक्षी की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बताया जाता है कि मीनाक्षी काफी समय से बीमार थी और उसका जिला अस्पताल से इलाज चल रहा था। उसकी दो बेटियां हैं। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से सूचना मिली, जिस पर तत्काल शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिससे पुष्टि होगी मौत कैसे हुई।

# काजीवाला में गुलदार ने कुत्ते को निवाला बनाया, वन विभाग ने पिंजरा लगाया

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम काजीवाला निवासी संदीप तोमर का पालतू कुत्ता घर के बाहर खड़ा था। तभी गुलदार पास के खेतों से निकलकर आया और कुत्ते को जबड़े में दबाकर गन्ने के खेत में ले गया। संदीप तोमर ने तलाश किया तो कुत्ता घर के पास एक गन्ने के खेत में मृत पड़ा मिला। जब घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो एक गुलदार खेत से निकलकर सड़क पार कर खेत में जाता दिख रहा है। जिसकी सूचना शुक्रवार को ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। वन विभाग के रेंजर महेश कुमार गौतम ने गांव में पिंजरा लगाया ओर दो वनकर्मी तैनात किए। गांव में गुलदार की दहशत बनी हुई है।






# 'नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत का शर्बत' पिलाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, बिजनौर द्वारा जिला अध्यक्ष मोहित प्रजापति के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत राहगीरों को 'नफरत के बाजार में मोहब्बत का शरबत' पिलाकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य मुनीश त्यागी, नजाकत अल्वी, राजीव गांधी, पंचायत राज संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद रफत, प्रदेश सचिव अब्दुल समद आजाद, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हुमायूं बेग, प्रदेश सचिव चौधरी जसविंदर सिंह, राजवीर सिंह सैनी, शमीम कुरैशी, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद रकीब आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इकबाल अहमद, हनीफ अहमद, अनिल त्यागी, शादीलाल मारवाड़ी, नसीम मंसूरी उर्फ राणा, हकीम इदरीश सलमानी, गुलशन कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को शरबत वितरित कर आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया।



# स्वयंसेवकों को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल पिपलसाना में विधायक श्री ओम कुमार द्वारा स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल पिपलसाना तक बने सीसी मार्ग का लोकार्पण किया। स्वास्थ्य मेले में लगे स्वयंसेवकों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. रवेंद्र सिंह, डॉ. आकाश कुमार डॉ. रेनू सिंह, डॉ. ममता सिंह, चंचल सैनी, पवन चौहान, होरी सिंह महामंत्री शैक्षिक संघ आदि उपस्थित रहे।



# घायलों को न्याय की आस, एसपी से लगाई गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंज क्षेत्र के गांव फरीदपुर भोगन उर्फ़ भोगनवाला निवासी सलीम पुत्र रहमत अली ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर मुकदमा संख्या 393/2026 की निष्पक्ष विवेचना और गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी की मांग की है। प्रार्थना पत्र में सलीम ने आरोप लगाया है कि नामजद आरोपियों ने उसके पुत्रों वसीम, सरफराज और मेहराज पर घर में घुसकर धारदार हथियारों व लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया था, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनके सिर में गहरी चोटें आईं, कई टांके लगे और एक घायल की उंगली की हड्डी तक कट गई। सभी घायलों का कई दिनों तक जिला अस्पताल में उपचार चला। अभी भी उनका इलाज जारी है। इसके बावजूद विवेचना अधिकारी द्वारा बीएनएस की धारा 109 (1) व 118 (2) की बढ़ोतरी नहीं की जा रही। प्रार्थना-पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी पक्ष मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है तथा परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। पीड़ित ने एसपी से मामले की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराए जाने और गंभीर धाराएं बढ़ाकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराने की मांग की है।

# दो लड़कियों को भगा ले गये अपने साथ

## दोनों मामले में अलग-अलग मामला दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** दो अलग-अलग युवतियों के फ़रार होने के मामले में एक युवती समेत चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर के बताया कि उसकी बेटी गत 14 जून की रात्रि समय करीब आठ बजे से घर से गायब है। उसे जानकारी मिली है कि गांव निवासी युवक अरुण कुमार उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसकी बेटी को भगाने में गांव की एक युवती पायल ने अरुण कुमार का सहयोग किया है। आरोप है कि लड़की घर में रखी 20 हजार की नकदी व सोने के आभूषण भी साथ ले गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक युवक व युवती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

उधर दूसरी घटना में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना क्षेत्र शिवाला कलां के एक गांव के मूल निवासी व हाल निवासी नूरपुर एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 13 जून की रात्रि उसकी नाबालिग बेटी घर में किसी से बगैर बताए कहीं चली गई। युवती अपने साथ मोबाइल व आधार कार्ड ले गई। उसके घर के पास नुमाइश लग रही है। उसे जानकारी मिली है कि नुमाइश में झूला लगाने वाला भूरा ठेकेदार उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उसकी बेटी को भगाने में विपुल कुमार ने भूरे ठेकेदार का सहयोग किया है। पुलिस ने तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# राहगीरों को शर्बत पिलाया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी की ओर से शरबत का छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। शरबत पिलाने वालों में मनोज अरोड़ा, दीपक सोढ़ी, मनी कलरा, विजय कलरा, तिलक कलरा, विकी अरोड़ा, नरेश कलरा, जुगल कलरा, भारत अरोरा, वैभव सोड्डी आदि का विशेष सहयोग रहा।






# प्रशासन ने रात में मजार परिसर की दीवार को ध्वस्त कराया

## असपा नेता विवेक सेन ने विरोध में धरना दिया

**धामपुर ( चिंगारी )।** यहां टीचर्स कॉलोनी स्थित नासिर मियां की मजार के निकट की भूमि की मंगलवार को हुई पैमाइश की रिपोर्ट के बाद उप जिला अधिकारी के आदेश पर शुक्रवार की देर शाम राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही के अंतर्गत मजार के पास से गुजरने वाले रास्ते पर दोनों साइड में दीवार खड़ी करके किए गए कथित अवैध अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया ।



प्रशासन की इस कार्यवाही से जहां मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त हो गया, वहीं इसके विरोध में आजाद समाज पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं सांसद चन्द्रशेखर के प्रतिनिधि विवेक सेन ने विरोध दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया। शुक्रवार की शाम को 7बजे उप जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार कपिल आजाद, कानूनगो राजकुमार, लेखपाल अंजली त्यागी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी, कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे।

इस दौरान राजस्व विभाग की टीम ने टीचर्स कॉलोनी स्थित डॉक्टर सीपी सिंह और स्वर्गीय नरेंद्र पाल सिंह के मकान के बराबर की दीवारों को ध्वस्त कर दिया। आरोप है कि यह दीवारें अवैध रूप से अतिक्रमण करके बनाई गई थीं। प्रशासन की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही आजाद समाज पार्टी के नेता विवेक सेन कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और कार्यवाही का विरोध किया। इस दौरान उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। इस दौरान उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद को भी इस घटना से अवगत कराया । पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने उन्हें समझा कर शांत किया।

उधर, इस मामले की शिकायत करने वाले डॉक्टर प्रकाश वीर, राजेंद्र चौहान आदि ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि टीचर्स कॉलोनी स्थित नासिर मियां की मजार की भूमि की पैमाइश कराई जाए और पैमाइश होने के बाद नगर की जमीन के अतिरिक्त जो भूमि शेष बची है उस पर रास्ता कायम किया जाए। आज प्रात: मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे ।

नासिर मियां की मजार के गद्दी नशीन फिरासत हुसैन ने बताया कि यह मजार वर्षों पुरानी है। उधर टीचर्स कॉलोनी निवासी कैलाश शर्मा का कहना है कि राजस्व अभिलेखों में खसरा संख्या 221 में जियारत दर्ज है इसलिए जियारत की भूमि पर बिना नक्शा पास कराए और प्रशासन की अनुमति के बिना मस्जिद और कब्रिस्तान का निर्माण नहीं किया जा सकता परंतु जियारत के पास अतिक्रमण करके कब्रिस्तान और मस्जिद का निर्माण भी किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह का कहना है कि पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाएहुए हैं।

### “एसडीएम ने कहा...

**इस संबंध में उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने बताया कि 23 मार्च 2026 को टीचर्स कॉलोनी निवासी नरेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार आदि द्वारा जिलाधिकारी तथा उन्हें एसडीएम प्रार्थना पत्र दिया गया था कि धामपुर-कालागढ़ मार्ग पर पुराने धामपुर की चुंगी के निकट ग्राम धामपुर हुसैनपुर के गाटा संख्या 221 में स्थित ज़ियारत का मौके पर अभिलेखों से अधिक क्षेत्रफल है। संदर्भित भूमि के निकट रास्ते के जांच की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में राजस्व टीम गठित की गई थी टीम द्वारा की गई, जांच में स्पष्ट हुआ कि संदर्भित भूमि के निकट गाटा संख्या 220 जो राजस्व अभिलेखों में चकमार्ग दर्ज है, उस पर अवैध रूप से बने हुए सीमेंट के पाये बने हुए हैं। इसी प्रकार ग्राम धामपुर हुसैनपुर नगर में स्थित गाटा संख्या 1326/3 जो राजस्व अभिलेखों में सड़क पुख्ता के रूप से दर्ज है, उसपर भी अवैध रूप से निर्मित सीमेंट के पाये बने हुए है।**

# कुत्ते को बचाने मे मोटरसाइकिल फिसली, चौकी इंचार्ज घायल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मोटरसाइकिल के सामने आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में चौकी इंचार्ज की मोटरसाइकिल फिसल गयी, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे सहसपुर चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक यशदेव शर्मा किसी सरकारी कार्य से बाइक द्वारा नूरपुर रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान मयूर टॉकीज के सामने अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क पर फिसल गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायल चौकी इंचार्ज को संभाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल अधिकारी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं, फिलहाल उपचार जारी है।

# अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों से बढ़ रहा खतरा: रितेश सैन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने कहा है कि जनपद बिजनौर के नजीबाबाद, नगीना, रायपुर, बढ़ापुर एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध मिट्टी व रेत खनन का कारोबार लगातार फल फूलने से खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिन-रात सडकों पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन न केवल सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उडा रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली व डंपरों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है, अनेक परिवार दुर्घटनाओं का दंश झेल रहे हैं। इसके बावजूद अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई होती दिखाई नहीं देती।

# मजार की दीवार तोड़ने के विरोध में सपा ने दिया ज्ञापन

**धामपुर ( चिंगारी )।** टीचर्स कॉलोनी स्थित नासिर मियां की मजार की दीवार को पुलिस प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में आज दोपहर 1 बजे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील दिवस में पहुंचकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि 19 जून की रात्रि को नासिर मियां की मजार के पास स्थित दीवारों को बिना नोटिस दिए क्षतिग्रस्त किया जाना गैर कानूनी और संवैधानिक है। नासिर मियां की मजार प्राचीन समय से पूर्वजों की श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है जिसमें सभी धर्मों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ लोगों ने अपनी प्रॉपर्टी का मूल्य बढ़ाने के लिए झूठी शिकायत की। यह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए पूर्व सपा विधायक नई मूल हसन।

उप जिला अधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा व पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने नियमानुसार जांचकर कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में नइमुल हसन पूर्व सपा विधायक, मतलूब अहमद अंसारी, हैदर अली आढती ,नासिर अंसारी, मेराज अंसारी कमरुल इस्लाम सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मेयर ने निर्माणाधीन बहुमंजिला पार्किंग व नये नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शम्भू पासवान ने नगर निगम परिसर में निर्माणाधीन बहुमंजिला पार्किंग, नए कार्यालय भवन का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और परियोजना को तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्य दायी संस्था को काम की गति बढ़ाने की हिदायत दी उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना है और स्थानीय जनता, श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को इसका लाभ जल्द से जल्द मिलना चाहिए।



## यातायात व्यवस्था में सुधार और जाम से मिलेगी मुक्ति

महापौर शम्भू पासवान ने कहा कि इस बहुमंजिला पार्किंग के शुरू होने से शहर के मुख्य बाजार प्रमुख पर्यटक स्थलों पर आने वाले स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को वाहन पार्किंग की असुविधा से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। इससे शहर की यातायात व्यवस्था सुधरेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा।निर्माण की गुणवत्ता को लेकर महापौर ने संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या घटिया सामग्री का उपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त चन्द्रकांत भट्ट, अधिशासी अभियंता अनिल नेगी, एम.डी.डी.ए. के अधिकारी सुनील कुमार, सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, यू.पी.सी.एल. के अधिकारी अर्चित कुमार, ठेकेदार राकेश शर्मा आदि निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नशीले पदार्थों के साथ, पुलिस ने किये दो गिरफ्तार

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में ग्रीन चिल्ली रेस्टोरेंट ऋषिकेश व चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश से 70 ट्रेटा पैक अवैध देशी बरामद कर दो व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। जनपद को नशा मुक्त करने व नशा अवैध शराब, चरस, स्मैक, गांजा आदि तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ऋषिकेश द्वारा क्षेत्र में टीमों का गठन कर लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, जिसमें पुलिस टीमों द्वारा चैकिग के दौरान थाना क्षेत्र के स्थानों ग्रीन चिल्ली रेस्टोरेंट ऋषिकेश, चन्द्रेश्वर नगर, ऋषिकेश से दिनेश नेगी पुत्र खेम सिह नेगी निवासी विस्थापित कालोनी श्यामपुर ऋषिकेश उम्र 40 वर्ष के कब्जे से 41 ट्रेटा पैक अवैध दैशी शराब, गोवरी साहनी पुत्र किशोरी साहनी निवासी- गली न. 02 चन्द्रेश्वर नगर थाना ऋषिकेश उके कब्जे से 29 ट्रेटा पैक अवैध दैशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में संदीप कुमार भट्ट, अशोक कुमार, सोहन सिंह, हिमांशु कुमार, शामिल थे।





# भाजपा नेत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर की चर्चा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल ने नजीबाबाद विधानसभा के गजरौला पाईमार मण्डल के कुसुम विहार कॉलोनी में जनसम्पर्क कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महिलाओ से चर्चा की। इस मौके पर सुनीता, राजवती, सुरेखा, राजेश, राजवती, पार्वती आदि मौजूद रही।

REQUIREMENT
THE SCHOLARS VALLEY, DHAMPUR requires
PRTs, TGTs and PGTs for all Subjects.
Walk in Interviews on 22/06/26.
Send Resume: info@thescholarsvalley.com
Whatsapp/call: 9627662662, 9627912912

# नजीबाबाद व मंडावली पुलिस ने मोहर्रम पर शांति के लिए किया फ्लैग मार्च

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली पुलिस आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के ग्राम जटपुरा बोंडा, मिर्जापुर सैद व सिकरोडा में फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामीणों से त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाये जाने की अपील की। फ्लैग मार्च में एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई लखन लाल, एसआई गौरव तोमर, एसआई दयानंद सहित काफी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



मंडावली क्षेत्र में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

नजीबाबाद में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा मोहर्रम को सकुशल सम्पन्न कराने को थाने से मुख्य मार्गों को फ्लैग मार्च किया।

# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, सांसद राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। धामपुर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने केक काट कर एक-दुसरे को खिलाया और मुबारक बाद पेश की। इस अवसर पर धामपुर नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम, नज़ाकत खां, नगर उपाध्यक्ष वसीम रज़ा कस्सार, सदस्य दानिश खान, सेवा दल से दानिश पठान, वसीम अब्बासी, नसीम मसूरी राणा, मौ. अहमद खान, मिर खांन आदि मौजूद रहे।



केक काटते कार्यकर्ता।

# घास की गठरी उठाने को मांगी मदद, लेकिन युवक ने की अश्लीलता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पशुओं को चारा लेने गयी युवती के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।

शनिवार को क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती पशुओं के लिए घास काटने जंगल गयी। घास काटने के बाद गठरी को बांधा तो वह भारी हो गयी जिस कारण युवती ने सड़क से जा रहे पास के ही एक गांव के युवक से गठरी उठाने के लिए बुलाया, आरोप है कि युवक गठरी उठाते हुए अश्लीलता करते हुए युवती का मुंह बंदकर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। युवती ने विरोध किया, तो उसके कपड़े फाड़ दिए। बामुश्किल युवती बचकर भागी। युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई। आरोपी मौके पर फरार हो गया। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# उप निबन्धक कार्यालय में निजीकरण के विरोध में तीसरे दिन भी काम ठप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उप निबंधक कार्यालय में फ्रंट ऑफिस खोलने तथा रजिस्ट्री के निजीकरण किये जाने के विरोध में उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद के दस्तावेज लेखकगण, अधिवक्ता गण तथा स्टाम्प विक्रेतागण ने सरकार के फैसले के विरोध में कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रखा। शुक्रवार को रजिस्ट्री ऑफिस नजीबाबाद के सभी दस्तावेज लेखकगण, अधिवक्ताओं तथा स्टांप विक्रेताओं ने पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार किया तथा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे रहे, जिसके चलते निबंधन विभाग के उप निबन्धक कार्यालय में एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई जिससे सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने बताया कि सरकार के किसी भी अधिकारी द्वारा अभी तक उनसे संपर्क नहीं किया गया है। उनका कहना है कि फैसले को वापस लेने तक कार्य बहिष्कार व धरना चलता रहेगा।



रजिस्ट्री ऑफिस में धरने पर बैठे लेखक व अधिवक्तागण।

इस हड़ताल में मोहम्मद असलम, सौरभ कुमार, शशिकांत, अब्दुल रब, अनवर शरीक, मुकुल शर्मा, शहजाद आलम एड., जीशान अख्तर, गोविंद सिंह, रूचिन तोमर एड., मेघनाथ, अमित सिंघल एड., ओजेश राजपूत, रणधीर सिंह, भानु प्रकाश, गौरव कुमार कश्यप एड., बहार आलम एड., पंकज अग्रवाल एड., फुरकान अहमद, तेजपाल सिंह, मोहम्मद काशिफ, सुनील भटनागर, सरताज अहमद, अनवर शादाब, राजीव शर्मा, फहीम उल हसन, सोम कुमार, हरिओम सिंघल, तरुणवीर, हेमराज, राहुल कश्यप, मोहम्मद अहसान, स्टाम्प विक्रेता मोहम्मद असगर, रविराज, मोहम्मद आसिफ, रविराज कश्यप आदि सम्मिलित रहे।

# नगर पालिका परिसर में हुआ योग शिविर का आयोजन







**नहटौर ( चिंगारी )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर पालिका परिषद के परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और कपालभाति, अनुलोम-विलोम जैसी क्रियाओं के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव को दूर करने और शरीर को निरोगी रखने के लिए योग सबसे सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका के सभासदों, सफाई निरीक्षकों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। 21 जून को रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर विशेष कुमार, रमेश शर्मा, साजेव आलम, सलीम अहमद, अकरम, कपिल शर्मा, गौरव त्यागी, रसीद, नवील, नईम, मारटर सराफत, रियासत आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का आरोपी सलाउद्दीन जेल गया

## तेलंगाना निवासी जुबेर से लिए थे डेटोनेटर, फियादीन हमले की थी तैयारी

**देहरादून (चिंगारी)।** एसटीएफ ने उधमसिंह नगर जिले के गदरपुर से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध कट्टरपंथी मोहम्मद सलाउद्दीन को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि वह फिदायीन हमले के लिए खुद को तैयार कर रहा था। अपनी शारीरिक तैयारी के वीडियो विदेश और देश में बैठे आकाओं तक भेज रहा था।




एसटीएफ एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि- प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मोहम्मद सलाउद्दीन एक बड़े धमाके को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। इसके लिए तेलंगाना निवासी जुबेर नामक व्यक्ति ने चार डेटोनेटर उपलब्ध कराए थे। साथ ही उसे आर्थिक सहायता भी दी गई थी। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि डेटोनेटर किस उद्देश्य से मंगाए गए थे और संभावित लक्ष्य क्या था। आशंका है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तो किसी बड़ी वारदात को अंजाम दिया जा सकता था।

एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ है कि सलाउद्दीन नियमित रूप से दौड़ लगाने, पुशअप्स और अन्य शारीरिक गतिविधियों के वीडियो बनाकर अपने हैंडलरों को भेजता था। वह टेलीग्राम और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म के जरिये संदिग्ध आतंकियों के संपर्क में था। साथ ही चैट में वह खुद को हर टास्क के लिए फिट बताता था। पूछताछ में पता चला है कि अलग-अलग स्थानों पर मस्जिदों और मजारों को ध्वस्त किए जाने की घटनाओं से वह आहत था।

इसी दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से कट्टरपंथी तत्वों ने उसे अपने प्रभाव में लिया और धीरे-धीरे उसकी सोच को उग्र बनाया। इसके बाद वह राष्ट्रविरोधी और जिहादी सामग्री से जुड़े कई ऑनलाइन समूहों में सक्रिय हो गया। आरोपी के मोबाइल फोन की जांच में जिहाद, शहादत और कट्टरपंथी विचारधारा से संबंधित सामग्री मिलने के बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। जांच एजेंसियां उसके संपर्कों, ऑनलाइन नेटवर्क और संभावित अंतरराज्यीय कड़ियों की पड़ताल कर रही हैं। मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि उत्तराखंड एसटीएफ ने गुरुवार को सलाउद्दीन को उधम सिंह नगर जिले के गदरपुर से गिरफ्तार किया था। एसटीएफ को जांच के दौरान कुछ ऐसे डिजिटल संवाद मिले थे जिनमें हथियारों और विस्फोटक सामग्री के भंडारण और उनकी आवाजाही को लेकर संदिग्ध बातचीत होने के संकेत मिले थे। इसी के तहत सलाउद्दीन को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ की टीम ने बुधवार देर रात आरोपी की निशानदेही पर सर्च अभियान चलाया। एजेंसी ने खुलासा किया कि इस दौरान एक विदेशी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, चार डेटोनेटर और एके-47 राइफल के दो कारतूस बरामद किए गए।

## किशोरी से दुष्कर्मः दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**देहरादून (चिंगारी)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लख्खी बाग के झंडा बाजार में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोपी जिस दुकान में काम करता था, वहां हिंदू संगठनों ने जमकर तोड़फोड़ की थी। इस मामले में हिंदू संगठन से जुड़े कुछ लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दुकान में तोड़फोड़ मामले में दुकान के मालिक की तरफ से थाने में तहरीर दी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि कुछ लोगों ने दुकान में घुसकर धार्मिक टिप्पणियां करते हुए उस पर लाठी-डंडों और कड़े से हमला किया। हमले में दुकान का डीवीआर और अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिस पर पुलिस ने चार नामजद और 20 से 25 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस द्वारा नाबालिग पीड़िता के मेडिकल की प्रक्रिया चल रही है और जल्द रिपोर्ट आ जाएगी। कोतवाली देहरादून में दर्ज एफआईआर के अनुसार झंडा बाजार स्थित बैंगल्स संचालक (विशेष समुदाय) ने शिकायत की कि 18 जून की शाम करीब छह बजे वह अपनी दुकान पर काम में व्यस्त थे। इसी दौरान ललित सिंह, अमन स्वेडिया, सिद्धांत बड़ोनी और रोहित मौर्य अपने 20 से 25 साथियों के साथ दुकान में घुस आए। आरोपियों ने उनके धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की और देखते ही देखते हमला शुरू कर दिया। साथ ही दुकान मालिक ने तहरीर में पुलिस को बताया कि उनकी दुकान में घुसकर आरोपियों ने लाठी-डंडों और कड़े से हमला किया और ऐसा लग रहा था कि हमलावरों की मंशा उनकी हत्या करने की थी। हमले के दौरान दुकान में अफरातफरी मच गई और उसने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि हमलावरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। नगर कोतवाली प्रभारी हरिओम चौहान ने बताया है कि मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच उपनिरीक्षक रवि प्रसाद कवी को सौंपी है।

# नियमित योग से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता : शिवेन्द्र

### तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति धामपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर, सुमंगलम फार्म हाउस पर लगाया गया। शिविर में योगाचार्य गजराज सिंह व धर्मेश चौहान द्वारा संयुक्त रुप से योग अभ्यास कराया गया। शिवेंद्र अग्रवाल (जिला संगठन मंत्री) ने शिविर का संचालन किया व बताया कि वर्तमान में पूरी दुनिया ने योग के महत्व को स्वीकार किया है। कल 21 जून को पूरा विश्व एक समय व एक साथ योग करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाता है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं है बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग भी है। नियमित योग करने से हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मानसिक तनाव कम होता है व हमारा शरीर स्वस्थ व निरोग बनता है। योग गुरु रामदेव ने योग को घर-घर में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पतंजलि योग समिति की स्थापना की। योग प्राणायाम के द्वारा हम पूर्ण से स्वस्थ व निरोग रह सकते हैं। शिवेंद्र अग्रवाल ने सभी योग साधकों से योग को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। शिविर में आदर्श सिंह, जगदीश प्रसाद, धनंजय सिंह, राम सिंह सैनी, डॉक्टर आरके चौहान, डॉक्टर सुभाष सिसोदिया, विनोद चांदना, सुनीता नंदा, अनीता सिसोदिया, ममता शर्मा, शशि चौहान सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

## आनंद विहार एक्सप्रेस का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** डू समथिंग सोसाइटी और बीएड प्रशिक्षित महासंघ सहित क्षेत्र के अन्य संगठनों ने कोटद्वार से आनंद विहार तक संचालित होने की रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की मांग की है। इस संबंध में गढ़वाल सांसद अनिल बूलनी को प्रेषित ज्ञापन में संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा है कि कोटद्वार से दिल्ली के लिए चलने वाली एक एक्सप्रेस रेलगाड़ी का नाम पूर्व में ही सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस रखा गया है जिससे कोटद्वार क्षेत्र का नाम दिल्ली सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों में जाना जाता है, वहीं अगर आनंद विहार एक्सप्रेस का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रख दिया जाय तो इससे कण्वाश्रम के नाम को भी पहचान मिलने की संभावनाएं हैं। इसलिए जनहित में रेल सेवा का नाम कण्वनगरी एक्सप्रैस रखा जाना चाहिए।

## पार्षद ने की वार्ड की समस्या समाधान की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी ने जिलाधिकारी से वार्ड की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। इस संबध में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में नगर निगम के कई वार्डों में कई समस्याएं व्याप्त हैं, जिनका समाधान आवश्यक है। कहा कि क्षेत्र में नशीले व मादक पदार्थों की बिक्री असमान्य तरीके से बढ़ रही है, जिस पर रोकथाम लगाई जानी आवश्यक है। कोटद्वार नगर निगम के वार्डों और सड़कों पर घूमते बेसहारा गौ वंश यहां की सबसे बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रही है वहीं बंदर भी वार्डों में उत्पात मचा रहे हैं। कहा कि आबादी के बीच स्थित शराब के ठेकों को दूर शिफ्ट किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकारी कर्मचारियों पर कार्यों के अतिरिक्त भार के चलते लोगों के राशन कार्ड धीमी गति से बनने की समस्या के समाधान की मांग भी की है।

# धामपुर तहसील में जारी है अधिवक्ताओं का आंदोलन श्री गणेश चौथ समिति ने किया उनका समर्थन



**धामपुर (चिंगारी)।** स्थानीय धामपुर तहसील में ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, टाइपिस्टों एवं ई-स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने एवं हड़ताल को श्री गणेश चौथ समिति, धामपुर ने अपना समर्थन देने की घोषणा की है। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने तहसील परिसर पहुंचकर आंदोलनरत अधिवक्ताओं को समर्थन पत्र सौंपा तथा उनकी मांगों को जायज बताते हुए संघर्ष में साथ देने का आश्वासन दिया। समिति के प्रतिनिधियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 जुलाई 2026 से ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू किए जाने तथा संबंधित कार्य एक निजी कंपनी को सौंपे जाने से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, टाइपिस्टों एवं ई-स्टाम्प विक्रेताओं के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के विरोध में 15 जून 2026 से अधिवक्ता एवं अन्य संबंधित वर्ग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जब तक सरकार ई-रजिस्ट्री व्यवस्था पर पुनर्विचार कर इसे रोकने का निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। श्री गणेश चौथ समिति ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर समिति के सदस्य विजय कुमार जैन, संजय भैया मुनिया, राजीव भाई (खाद वाले), व्योमकेश चौहान, संयम जैन, वीरेन्द्र कुमार, आलोक कुमार, विपिन चौहान, शिवम शर्मा, यश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने सीएम के नाम ज्ञापन एसडीएम को दिया

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही ई-रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी और सचिव देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंपकर इस व्यवस्था को तत्काल वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि सरकार डिजिटल व्यवस्था के नाम पर तहसील स्तर पर वर्षों से कार्य कर रहे अधिवक्ताओं, मुंशियों, टाइपिस्टों और दस्तावेज लेखकों की आजीविका पर सीधा प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का दायित्व रोजगार के अवसर बढ़ाना है, न कि लोगों को बेरोजगार बनाना। ई-रजिस्ट्री लागू होने से हजारों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहिद अली, कुलवीर सिंह, नितिन अग्रवाल, सदन शाहिद, विपिन कुमार, वीरेंद्र कुमार, शहजादा परवेज, जितेंद्र कुमार, अनुराग कुमार, गोपाल सिंह, भरत सिंह, राखी चौहान, हिमांशु, हर्षवर्धन, ब्रजकुमार और अर्पित कुमार सहित अनेक अधिवक्ता शामिल रहे।

# नवनियुक्त नगरायुक्त विजय नाथ ने विधायक से की शिष्टाचार भेंट

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त विजय नाथ शुक्ला ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट की। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, कूड़ा निस्तारण तथा अन्य जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, जहां स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने नगर निगम को जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने हेतु समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। नगर आयुक्त विजय नाथ शुक्ला ने आश्वस्त किया कि नगर निगम द्वारा सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं नगर निगम की विभिन्न योजनाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया स्वर्गाश्रम में गंगा पूजन कर श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाया

**स्वर्गाश्रम/ चिड़ियापुर (चिंगारी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर स्वर्गाश्रम स्थित वानप्रस्थ घाट पर जिला कांग्रेस कमेटी, कोटद्वार एवं नगर कांग्रेस कमेटी, स्वर्गाश्रम के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गंगा में दूध एवं पुष्प अर्पित कर राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके उपरांत वानप्रस्थ घाट पर क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं के बीच शर्बत वितरित कर राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया।




इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, कोटद्वार के जिला अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और आमजन के अधिकारों की मजबूती के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उनके नेतृत्व से देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं वंचित वर्गों को नई आशा और विश्वास मिला है।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विकास नेगी, नगर कांग्रेस कमेटी, स्वर्गाश्रम के अध्यक्ष आदेश तोमर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र राणा, पूर्व नगर अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन माधव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अंकित गुप्ता सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कर्तिया सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त होने से बढ़ी परेशानी काश्तकारों को सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा पानी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत करीब 20 गांवों को मंदाल नदी से सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने वाली कर्तिया सिंचाई नहर का शुरुआती एक किलोमीटर हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे काश्तकारों को समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिलने से धान की रोपाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय निवासी एवं पूर्व प्रधानाचार्य भारत सिंह नेगी, संजय सिंह, आनंद सिंह असवाल, मनवर सिंह रावत और लक्ष्मण सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र के गांवों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आजादी के बाद 1952 में मंदाल नदी पर मालबास से कर्तिया तक नौ किमी. नहर बनाई गई। नहर बनने के बाद कर्तिया, ढिकोलिया, कुई, गजरजाल, झर्त, बीरोंबाड़ी और धामधार समेत आसपास के तोक गांवों को लगातार सिंचाई की सुविधा मिल रही थी। नहर की हालत खस्ताहाल होने पर सिंचाई विभाग ने पिछले वर्ष करीब एक करोड़ से नहर की मरम्मत कराई थी लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं रही। आरोप लगाया कि पुराना प्लास्टर झाड़ने के बजाए उसके ऊपर नया प्लास्टर करने से नहर का करीब 75 प्रतिशत प्लास्टर झड़कर भीतर मलबे के रूप में जमा हो गया है जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है।

बताया कि नौ किमी लंबी नहर की देखरेख के लिए विभाग की ओर से केवल एक बेलदार तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त 200 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी पर दो अन्य श्रमिक लगाए गए हैं लेकिन कम पारिश्रमिक के कारण वे सफाई कार्य प्रभावी ढंग से नहीं कर पा रहे है। आरोप लगाया कि संबंधित कनिष्ठ अभियंता का मुख्यालय सिंचाई बंगला स्टोर रथुवाढाब में होने के बावजूद वे कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे किसानों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**वहीं सिंचाई खंड दुगड्डा के जे ई जीतेंद्र कुमार ने बताया कि सिंचाई नहर का निरीक्षण कराकर शीघ्र मरम्मत व सफाई का कार्य कराया जायेगा और क्षेत्र के काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा।**

# उत्तराखंड में रेलवे विस्तार को मिलेगी गति

**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर राज्य में रेलवे अवसंरचना के विस्तार, गतिमान रेल परियोजनाओं तथा भविष्य की रेलवे आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



## सीएम से मिले रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे कनेक्टिविटी का सुदृढ़ीकरण राज्य के समग्र विकास, पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को राज्य की महत्वाकांक्षी एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए इसके कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चारधाम यात्रा विशेषकर श्री बदरीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाएगी।

बैठक में टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को आगे बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने अवगत कराया कि परियोजना का सर्वेक्षण तथा डीपीआर तैयार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने अपेक्षा व्यक्त की कि नवंबर 2026 तक परियोजना पर ठोस प्रगति दिखाई दे। उन्होंने कर्णप्रयाग-बागेश्वर रेल लाइन तथा किच्छा-खटीमा रेल लाइन परियोजनाओं को भी भविष्य की आवश्यकताओं एवं क्षेत्रीय संतुलित विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इन पर कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में तीर्थाटन एवं पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मंडल में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश एवं रुड़की तथा कुमाऊँ मंडल में हल्द्वानी, काठगोदाम, रामनगर एवं टनकपुर रेलवे स्टेशन प्रदेश के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और आधुनिक व्यवस्थाओं का विस्तार पर उन्होंने बल दिया।

मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ एवं कांवड़ मेले के दृष्टिगत हरिद्वार, ऋषिकेश एवं रुड़की रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष सुविधाएं विकसित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जा सकता है।

# पौधारोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर दुगड्डा स्थित शहीद स्मारक परिसर में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजीव जखमोला एवं नगर अध्यक्ष रितेश ठाकुर की अगुआई में पौधारोपण किया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में जहां ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश में एक जननेता के रूप में अपने को स्थापित किया है और सभी वर्ग, जाति, धर्म व संप्रदाय के बीच एकता कायम करने के साथ मानवता का संदेश दिया है वहीं लोक सभा में बेरोजगारी, मंहगाई, किसानों की समस्याओं, संविधान बचाओ और अग्निवीर योजना जैसे जनमुद्दों पर आवाज उठाकर जनता की पैरोकारी करते हुए सरकार को घेरने का काम किया है। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुगड्डा स्थित शह।

इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष यमकेश्वर अनिल रतूड़ी, बलबीर सिंह रावत, हरेंद्र सिंह रावत, अरविन्द नेगी, वरुण नेगी, सुरेन्द्र भारती, शिव सिंह रावत, अक्षित नेगी और आशीष रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## एक माह से लापता दीपचंद का नहीं पता

**कोटद्वार (चिंगारी)।** धुमाकोट के ग्राम डूंगरी निवासी दीपचंद ध्यानी का एक माह बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। 21 मई से लापता दीपचंद की बहन ने थाना धुमाकोट में गुमसुदगी की दर्ज कराई थी। दीपचंद की बहन आशा नौटियाल ने बताया कि पिछले माह 21 मई को उनके भाई दीपचंद घर से निकला था लेकिन उसके बाद आज तक भी वापस नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि थाना धुमाकोट में भाई की गुमशुदगी दर्ज कराई थी लेकिन आज तक भी उनके भाई का कोई सुहाग नहीं लग पाया है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 — गौरव, विकास और संकल्प का पर्व



# देवभूमि उत्तराखण्ड

## विकास भी, विरासत भी

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## उत्तराखण्ड @2025 से उत्तराखण्ड @2047

# संकल्प

## प्रधानमंत्री जी के विज़न को साकार करने का



"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड





### इको टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, बारहमासी पर्यटन

- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया।
- एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ऋषिकेश के साथ टनकपुर में रिवर राफ्टिंग की हुई शुरुआत।
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- चारधाम शीतकालीन प्रवास स्थान (खरसाली, मुखबा, उखीमठ, पाण्डुकेश्वर) आदि प्रसिद्ध धाम हैं।





### वाइब्रेंट विलेज

- वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत चयनित 51 गांवों का किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- इन गांवों में होमस्टे, स्वरोजगार, खेती स्थानीय उत्पादों एवं सोलर के माध्यम से बिजली उत्पादन को भी दिया जा रहा बढ़ावा।
- राज्य सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर दिया जा रहा जोर।
- पर्यटन केंद्र के बनने से मिलेगा स्थानीय लोगों को रोजगार तथा आर्थिक रूप से होंगें सशक्त।



### हाऊस ऑफ हिमालयाज

- प्रधानमंत्री जी के वोकल फॉर लोकल और लोकल टू ग्लोबल के विज़न को साकार करने की दिशा में 2023 में हाउस ऑफ हिमालयाज का किया गया शुभारंभ।
- हाउस ऑफ़ हिमालय के अंतर्गत अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से मिला लाभ।
- 400 से अधिक लोकल क्लस्टर की मैपिंग एवं वर्तमान में 50 से अधिक लोकल क्लस्टर इकाइयों से हो रही सक्रिय खरीदारी।





### वेडिंग डेस्टिनेशन

- राज्य सरकार उत्तराखण्ड को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में कर रही स्थापित।
- देशभर से बड़ी संख्या में लोग त्रियुगीनारायण मंदिर, ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल, रामनगर, मुक्तेश्वर ग्वालदम जैसे स्थानों पर विवाह करने आते हैं। इन स्थानों में बुनियादी सुविधाओं का हो विकास एवं शादियों से स्थानीय लोगों को मिले रोजगार, राज्य सरकार ऐसी व्यवस्था कर रही है सुनिश्चित।






### हस्तशिल्प, आर्गेनिक उत्पाद

- महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत महिला/स्वयं सहायता समूहों को रुपए 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के कराया जा रहा उपलब्ध।
- प्रदेश में अब तक करीब 1 लाख 65 हजार लखपति दीदी बनाई गई।
- उत्तराखण्ड के 15 कृषि उत्पादों को मिला जीआई टैग।

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

### लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR